हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 6 जुलाई 2026
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 25. 0 डिग्री

ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली ठप रहने से मोबाइल टॉवर हुए बंद, ऑनलाइन काम प्रभावित
2



## खबर संक्षेप

### शिक्षा संस्कृति उद्यान न्यास के स्थापना दिवस पर संगोष्ठी आज

**नवागढ़।** शिक्षा संस्कृति उद्यान न्यास के स्थापना दिवस के अवसर पर 6 जुलाई सोमवार को दोपहर 2 बजे शासकीय महाविद्यालय सभागार, नवागढ़ में भारत में शिक्षा एवं शिक्षा में भारतीयता विषय पर एक भव्य राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इस संगोष्ठी का उद्देश्य भारतीय शिक्षा की गौरवशाली परंपरा, भारतीय ज्ञान प्रणाली, सांस्कृतिक मूल्यों, नैतिक शिक्षा तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के आलोक में शिक्षा के भारतीय स्वरूप पर गंभीर एवं सार्थक विमर्श करना है।

### एनएच में लापरवाही पूर्वक वाहन खड़े करने वाले 15 चालकों पर कार्रवाई

**जांजगीर-चांपा।** जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग पर लापरवाही पूर्वक भारी वाहन खड़े कर दुर्घटना का कारण बनने वाले चालकों के विरुद्ध पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। 3 दिवसीय विशेष अभियान के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर बिना संकेतक, रिफ्लेक्टर एवं वैध कारण के खड़े 15 ट्रेलर वाहनों को जब्त कर उनके चालकों को गिरफ्तार किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात उदयन बेहार के नेतृत्व में अकलतरा, जांजगीर एवं चांपा थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्गों पर लगातार जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान कई ट्रेलर चालक सड़क किनारे बिना किसी सुरक्षा संकेतक के वाहन खड़े किए मिले।पुलिस ने सभी वाहनों को जब्त करते हुए चालकों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 285 के तहत अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए तथा आरोपियों को न्यायालय में पेश किया।

### ड्रेनेज सिस्टम बनाने में पालिका प्रशासन नाकाम

# आफत की बारिश : गली-मोहल्ले हुए जलमग्न, निकासी व्यवस्था की खुली पोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सीजन में पहली बार हुई मूसलाधार बारिश ने ही प्रशासन के इंतजाम की पोल खोल दी है। पिछले 24 घंटे से जारी बारिश ने जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में आफत ला दी है। गली मोहल्लों में पानी भर गया है। ड्रेनेज सिस्टम बनाने में पालिका प्रशासन नाकाम है जिसका खामियाजा शुरूआती बारिश में नगरवासियों को भुगतना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि जिला मुख्यालय जांजगीर सहित अंचल में 24 घंटे से लगातार बारिश जारी है। इधर लगातार हो रही बारिश ने जिला मुख्यालय जांजगीर के पानी निकासी व्यवस्था की पोल खोल दी है। पहली बारिश में ही शहर की गली मोहल्लों में पानी का भराव हो गया है। वहीं नाली की समुचित व्यवस्था शहर के कई वार्डो में नहीं हो पाने के कारण गंदा पानी भी गलियों में आकर इकट्ठा हो गया। जिसके चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर में ड्रेनेज सिस्टम बनाने में पालिका प्रशासन का अमला नाकाम नजर आ रहा है। बारिश के पूर्व शहर में ड्रेनेज सिस्टम व्यवस्था बनाई जानी थी, ताकि लोगों को बरसात के समय में किसी तरह की परेशानी ना हो, लेकिन इस तरह की व्यवस्था शहर में नजर नहीं आ रही है। इसके अलावा रविवार 5 जुलाई को हुई झमाझम बारिश के चलते जिला मुख्यालय जांजगीर सहित अंचल पानी से तरबतर हो गया। बारिश के कारण लोगों को आने जाने में भी परेशानी हुई। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों के गली मोहल्ले कीचड़ से सराबोर नजर आए।


मालखरौदा का रेस्ट हाउस बना टापू।

### बरसात शुरू होते ही शहर हुआ ब्लैक आउट

जिला मुख्यालय जांजगीर में विद्युत व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। हल्की बारिश होते ही शहर की बिजली काट दी जा रही है, जिससे आम नागरिकों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। शनिवार रात करीब 11 बजे बंद हुई बिजली रविवार सुबह लगभग 9 बजे बहाल हुई, लेकिन लोगों को राहत ज्यादा देर नहीं मिली और सुबह 11 बजे फिर से बिजली बंद कर दी गई। नगरवासियों का कहना है कि मामूली बारिश में भी घंटों बिजली गुल रहना अब सामान्य बात हो गई है। लगातार कटौती से घरों में पेयजल, मोबाइल चार्जिंग, इंटरनेट, बच्चों की पढ़ाई और व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। रातभर अंधेरे में रहने को मजबूर लोगों ने विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। लंबे समय तक बिजली बंद रहने से शहर के कई मोहल्लों में अंधेरा पसरा रहा। बिजली कटौती के दौरान नागरिकों ने फ्यूज कॉल सेंटर में संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन अधिकांश समय फोन बंद मिला।

### रेस्ट हाउस बना टापू, खेतों में भरा पानी

**मालखरौदा।** पिछले 24 घंटों से हो रही मूसलाधार बारिश ने पूरे इलाके को तरबतर कर दिया है। जलभराव की स्थिति इस कदर बिगड़ चुकी है कि अनु विभाग मुख्यालय का शासकीय विश्राम गृह पूरी तरह से जलमग्न हो गया है। ड्रेनेज सिस्टम फेल होने और लगातार पानी गिरने की वजह से रेस्ट हाउस परिसर ने एक टापू का रूप ले लिया है। रेस्ट हाउस जलमग्न होने से आसपास के घर वाले खासे परेशान हैं। इधर एनिकेट का गेट नहीं खोलने और तेज बारिश के कारण मोहंदी कला गांव के किसानों के बाड़ी में पानी घुस गया। तबाही के मुहाने पर खड़े किसान पिछले कई दिनों से जिम्मेदार अधिकारियों से गेट खोलने की गुहार लगा रहे हैं, लेकिन अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिला है। किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच गईं है नदी के तटीय इलाकों में बसे दर्जनों किसानों ने अपनी आजीविका के लिए बड़े पैमाने पर टमाटर, मिर्च, धनिया, बरबट्टी और अन्य हरी सब्जियों की बुआई की थी। एनिकेट के गेट बंद होने से पानी खेतों में जमा हो गया हैं। किसानों ने कर्ज लेकर और जमापूंजी लगाकर बीज और खाद खरीदे थे, जो अब पानी में डूब चुके हैं।

# एक ही रात में चार दुकानों में चोरों का धावा, नकदी समेत लाखों का माल पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



सक्ती में चोरों ने एक ही रात में चार दुकानों को निशाना बनाया। दुकानों का ताला तोड़कर नगदी समेत लाखों के माल पार हाथ साफ कर दिया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पतासाजी में जुट गई है।

सक्ती नगर में शनिवार 4 जुलाई की रात चोरों ने पुलिस की पेट्रोलिंग व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए अलग-अलग इलाकों में स्थित चार बड़ी दुकानों के शटर और ताले काटकर लाखों रुपये के माल पर हाथ साफ कर दिया। हैरान करने वाली बात यह है कि इनमें से तीन दुकानें थाने से महज 300 मीटर की दूरी पर नगर के सबसे व्यस्ततम मार्ग बाराद्वार रोड पर स्थित हैं। इस सनसनीखेज वारदात के बाद से व्यापारियों और स्थानीय निवासियों में भारी आक्रोश है। चोरों ने बेहद शातिराना अंदाज में कटर से शटर के कुंदे काटकर और ताले तोड़कर वारदातों को अंजाम दिया। एस. एन. ऑटो सेंटर बाराद्वार रोड में शटर का कुंदा काटा और दुकान के अंदर रखे 3 लाख रुपये नगद समेत लगभग 1 लाख रुपये के ऑटो पार्ट्स चोरी कर लिए। वहीं दिलीप अठवाणी किराना दुकान से लाखों रुपये के माल और नगदी पर हाथ साफ किया। महिंद्रा शोरूम से महत्वपूर्ण दस्तावेजों व अन्य सामानों की चोरी की। गल्ला किराना दुकान कोरबा रोड, राधा कृष्ण मंदिर के पास लाखों रुपये की चोरी की बात सामने आई है। जब पुलिस ने चारों घटनास्थलों के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला, तो एक व्यक्ति नजर आ रहा है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस जांच में जुटी है और जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी का दावा किया जा रहा है। उल्लेखनीय हैं कि अभी दो दिन पूर्व ही पुलिस महानिदेशक और नगरपालिका अध्यक्ष द्वारा कानून व्यवस्था और बेहतर कार्यप्रणाली को लेकर स्थानीय पुलिस टीम को सम्मानित किया गया था। इस सम्मान के ठीक दो दिन बाद चोरों ने एक ही रात में चार बड़ी चोरियों को अंजाम देकर पुलिस प्रशासन को खुली चुनौती दे डाली है।

# 21 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

गांजा का अवैध कारोबार करने वाले तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 21 किलो गांजा बरामद किया गया है। साथ ही 10 लाख रुपए भी जब्त किए गए है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 5 जुलाई को मुखबिर से सूचना मिली कि हनुमान चौक देवांगन पारा चांपा के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से गांजा बेच रहा है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां एक व्यक्ति कागज की पुड़िया में गांजा बेचते हुए मिला। घेराबंदी कर उसे हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम वीरेन्द्र देवांगन (28 वर्ष) पिता स्वर्गीय यशवंत देवांगन बताया। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी की घर की तलाशी ली। तलाशी के दौरान घर से खाकी रंग के टेप लगे चार पैकेट एवं दो प्लास्टिक बोरियों में रखा कुल 21.1 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। साथ ही गांजा बिक्री से प्राप्त 10,450 रुपये नकद भी जब्त किए गए। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड भेजा गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी अशोक वैष्णव, उप निरीक्षक सत्यम चौहान, प्रशिक्षु उप निरीक्षक गोपी सिंह, रूकसाना बानो, निकिता साहू, सहायक उप निरीक्षक भुवनेश्वर राठौर सहित स्टाफ का योगदान रहा।



## खबर संक्षेप



### झांझ में बच्चों को टीका लगाकर जनपद सदस्य ने कराया शाला प्रवेश

**हरदीबाजार।** जन शिक्षा केन्द्र सिरली के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय झांझ मे नव प्रवेशी छात्र और छात्राओं को नए सत्र के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि जनपद पंचायत पाली के सभापति अंजली कौशल श्रीवास ने सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर शाला प्रवेश उत्सव का शुभारंभ किया। जिसमें सभी छात्रों को माला, गणवेश, और माथे पर टीका लगाकर शाला में प्रवेश करवाया गया। वहीं मुख्य अतिथि ने कहा कि बच्चे ही हमारे भविष्य की कर्णधार है, बच्चों को माता पिता के द्वारा पूछना चाहिए कि आज स्कूल में क्या पढ़ाया गया, हफ्ते में कम से कम दो दिन माता पिता को स्कूल का निरीक्षण करना चाहिए कि स्कूल में शिक्षक के द्वारा क्या पढ़ाया जाता है। बच्चे ही हमारे भविष्य के निर्माता हैं। शाला प्रवेश उत्सव में मुख्य रूप से व्याख्याता राजेन्द्र नायक, हाईस्कूल बोईदा प्राचार्य श्रीमती पुनम दुबे, कुसुम ऊइके सरपंच झांझ, देवकुमार राज, कौशिल्या बाई (पंच), राजकुमारी, नेहा धनुहार (उपसरपंच), लोचन प्रसाद साहू (प्रधान पाठक सिरली), उदय शंकर राजवाड़े ( शिक्षक), जीवन मरकाम, प्रकाश शर्मा, गंगा भार्गव, गायत्री बिंझवार, सुरेन्द्र चन्द्राकर, अमृत बाई जगत, चिमन यादव, रामस्नेही, संतोष यादव, दौलत राम कुर्रे, द्वारिका यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### वार्ड में मिनी स्टेडियम बनाने पार्षद ने उठाई मांग



**गेवरा दीपका।** नगर पालिका परिषद दीपका के वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद अविनाश कुमार सिंह ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव को ज्ञापन सौंपकर पाली रोड स्थित काला मैदान ( खेल मैदान) को मिनी स्टेडियम के रूप में विकसित करने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि दीपका नगर पालिका क्षेत्र में खिलाड़ियों के लिए वर्तमान में कोई सर्वसुविधायुक्त एवं सुरक्षित खेल मैदान उपलब्ध नहीं है। ऐसे में स्थानीय खिलाड़ियों को अभ्यास और प्रतियोगिताओं के लिए पर्याप्त सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि नगर पालिका क्षेत्र के 10 वार्ड एसईसीएल के अंतर्गत तथा 11 वार्ड दीपका नगर एवं बस्ती क्षेत्र में आते हैं। वार्ड क्रमांक 11 में खेल मैदान तो है, लेकिन वहां खिलाड़ियों के अभ्यास और खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। इससे क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का पर्याप्त अवसर नहीं मिल पा रहा है।

### बालको में मनाया गया कबीर साहेब का प्राकट्य उत्सव



**कोरबा।** सतगुरु कबीर मानिकगुरुधाम बालको में चौका आरती के साथ साहेब संत कबीर की प्रकाट्य उत्सव मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत व उनके कार्यकर्तागण एवं नगर निगम के समस्त पार्षदगण व प्रदेश स्तरीय महिला प्रकोष्ठ महासचिव श्रीमती सुचित्रा संजय मानिकपुरी, संजय मानिकपुरी, संतोष मानिकपुरी, मोहर दास, चंचल मानिकपुरी, सुमित्रा मानिकपुरी, गोपाल दास, सीमा महंत, संतोष दास मानिकपुरी, तुलसीदास महंत के साथ समस्त पदाधिकारीगण, लक्ष्मण दास व ऋषि दास चौका महंत मंगल दास, दीवानी बोधन सुफल दास, हेमन व कमलेश के द्वारा सम्पन्न हुआ एवं कर्यक्रम मे स्थानीय संत महंत दीवान के साथ आमीन माताएं कार्यक्रम में महज चार साल की छोटी बच्ची पूर्वी महंत के द्वारा बहुत ही सुंदर सन्देश समस्त समाज को कबीर साहेब का सन्देश दिया गया।

# अगले वर्ष अप्रैल में मिलेगी रामपुर कॉलेज को नए भवन की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

करतला विकास खंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत रामपुर में उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा स्वीकृत किए गए नवीन शासकीय महाविद्यालय भवन का निर्माण कार्य अप्रैल 2027 तक पूरा कर लिया जाएगा। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने निर्माण कार्य का अवलोकन करने के साथ निर्माण एजेंसियों के अधिकारियों से निर्माण कार्य को लेकर तकनीकी जानकारी ली।

ग्राम पंचायत रामपुर में दो वर्ष पूर्व नवीन शासकीय महाविद्यालय की स्वीकृति देने के बाद बीए, बीससी, बीकाम की कक्षाएं वैकल्पिक तौर पर क्षेत्र के ही हायर सेकेंडरी स्कूल भवन में संचालित हो रही हैं। कॉलेज भवन को लेकर जमीन चयन करने के बाद टेंडर की प्रक्रिया शुरू की गई। लोक निर्माण विभाग द्वारा कॉलेज भवन का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। शनिवार को कलेक्टर कुणाल दुदावत ने निर्माण कार्यों का अवलोकन करने के बाद समय पर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। अप्रैल 2027 तक भवन का काम पूरा कर लिये जाने की जानकारी अधिकारियों ने कलेक्टर से दुदावत को दी।

#### निर्माण कार्य का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**खास बातें**

- दो वर्ष पूर्व मिली थी नवीन महाविद्यालय की स्वीकृति
- जिले में चार कॉलेजों को मिली स्वीकृति



#### आंगनबाड़ी केन्द्र का किया निरीक्षण

कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने मुख्य मार्ग स्थित नवीन आंगनबाड़ी केंद्र, बनियापारा नोनबिर्रा का निरीक्षण कर वहां संचालित व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, बच्चों के लिए की गई व्यवस्थाओं एवं संचालन की स्थिति का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

अजगरबहार से लेकर लेमरू तक सरकारी दफ्तरों में प्रभावित है कामकाज

# ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली ठप रहने से मोबाइल टॉवर हुए बंद, ऑनलाइन काम प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था चरमराने से वहां लगाए गए मोबाइल टावर ठप हो जाने से सभी तरह के ऑनलाइन काम प्रभावित हो गए हैं। आम लोगों के जहां मोबाइल रिचार्ज नहीं हो रहे हैं वहीं अजगरबहार तहसील से लेकर लेमरू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तक सरकारी काम प्रभावित हुए हैं।

कोरबा विकास खंड अंतर्गत अजगरबहार से ग्राम पंचायत लेमरू तक आने वाले क्षेत्र में 8 ग्राम पंचायतों में मोबाइल कनेक्टिविटी के लिए बीएसएनएल और जीयो के टावर लगाए गए हैं। लेकिन पिछले कुछ दिनों से बिजली की व्यवस्था चरमराने के कारण इन दोनों बड़ी कंपनियों के मोबाइल टावर की बैट्री चार्ज नहीं होने से काम करना बंद कर दिए हैं। इसके परिणाम स्वरूप क्षेत्र के च्वाइस सेंटर और सरकारी कार्यालयों में नेटवर्किंग के भरोसे चलने वाले कामकाज प्रभावित हो रहे हैं। वहीं गांव में खोले गए च्वाइस सेंटर से भी महतारी वंदन योजना की केवायसी नहीं हो रहे और न कोई सरकारी दस्तावेज निकल रहे हैं। इतना ही नहीं अजगरबहार तहसील से लोगों को बीवन नकल भी नहीं मिल पा रही है। पीडीएस दुकानों में थंब मशीन के नहीं काम करने की भी शिकायतें लोगों ने की है।

**खास बात**

- गांव के च्वाइस सेंटरों में न केवायसी हो रही है और न ही कोई दस्तावेज निकल रहे







लेमरु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व क्षेत्र में लगा मोबाइल टावर।

#### बिजली खंभे टूटने की बनी है समस्या

पिछले दिनों हुई बारिश के कारण सतरेंगा लेमरू मार्ग में बिजली खंभे टूटने के कारण बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने बिजली विभाग को तार टूटने व बिजली खंभे गिरने की सूचना दे दिए हैं। वन क्षेत्र होने के कारण कई बार फाल्ट ढूंढने में भी मरम्मत कार्य में लगे कर्मचारियों को लंबा समय लग रहा है। बीत एक माह से कई कई दिनों तक दूरस्थ क्षेत्रों में बिजली बहाल नहीं हो सकी थी।

#### डीजल डालकर चलाना पड़ रहा काम

मोबाईल टावर बंद रहने की समस्या से निपटने के लिए डीजल का सहारा लिया जा रहा है। दोनों ही कम्पनी के कर्मचारी डीजल डालने रोज पहुंचते हैं तब जाकर टावर की व्यवस्था संचलित हो पाती है। लेमरू पीएचसी में सोलर पैनल लगे होने से अस्पताल की व्यवस्था किसी तरह चल रही है लेकिन क्षेत्र के अधिकांश ग्रामों में बिजली नहीं होने से अंधेरा रहने के कारण विषैले जीव जंतुओं का खतरा बना रहता है। लेमरू में ही सरकारी कालोनी भी बनी है जहाँ के कर्मचारी भी परेशानी का सामना कर रहे हैं, कुछ कर्मचारी बालको से आनाजाना कर रहे हैं बिजली नहीं होने के कारण बालको नगर में रहने की मजबूरी बनी रहती है। बिजली समस्या के कारण बोर भी नहीं काम करते हैं।

#### आना पड़ रहा जिला मुख्यालय

बिजली व्यवस्था के चरमराने से ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभावित होने वाले आनलाइन कार्यों के लिए ग्रामीणों को बालको या जिला मुख्यालय आना पड़ रहा है। विशेषकर स्कूल के छात्र-छात्राओं को जो 12वीं पास कर महाविद्यालय में प्रवेश के लिए अपने दस्तावेज को तैयार करने में लगे हुए हैं। कई छात्रों ने बताया कि 30 जून तक आनलाइन पंजीयन की अंतिम तिथि थी। ऑनलाइन पंजीयन के लिए जिला मुख्यालय आना पड़ा है।

# सराफा व्यवसायी के हत्यारों को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सराफा व्यवसायी अमृता ज्वेलर्स के संचालक गोपालराय सोनी की हत्या के आरोपियों को उम्रकैद की सजा से दण्डित किया गया है। प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश गरिमा शर्मा ने दोष सिद्ध पाते हुए सजा सुनाई है। प्रकरण में शासन की तरफ से विशेष लोक अभियोजक टीकम साव ने मजबूत पैरवी की।

उल्लेखनीय है कि सराफा व्यवसायी गोपालराय सोनी और उनकी पत्नी 5 जनवरी 2025 को लालूराम कॉलोनी स्थित अपने घर पर थे। इसी दौरान रात 9:40 बजे से 9:59 बजे के मध्य 19 मिनट के भीतर सारे घटनाक्रम को अंजाम दिया गया और उन्हीं की क्रेटा कार क्रमांक जेएच 01 सीसी 4455 को लेकर आरोपी फरार हो गए थे। घर से सूटकेस, श्री सोनी का मोबाइल भी ले गए थे। तत्कालीन आईजी डॉ. संजीव शुक्ला के पर्यवेक्षण व एसपी सिद्धार्थ तिवारी के मार्गदर्शन में पुलिस की विशेष टीम ने वारदात में शामिल तीन में से दो आरोपियों आकाश गोस्वामी व मोहन मिंज को गिरफ्तार कर लिया। वहीं पुराने ड्राइवर सूरज गोस्वामी (आकाश का बड़ा भाई) फरार चल रहा था जिसे मुंबई से धरदबोचा गया। पुलिसिया जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज में दो संदिग्ध दिखे जो शाम 7:36 बजे पैदल दीवार फांदकर अंदर घुसे और फिर निकले नहीं। बाद में 10:59 बजे घर से कार में निकलते दिखे लोगों का हुलिया इनसे मिला। कार की तलाश के दौरान परसाभाठा बालको मार्ग में गाड़ी दिखी जो रिस्दा बस्ती से बरामद हुई। फुटेज के आधार पर आरोपी के घायल होने का पता चला। जांच पड़ताल में मोहन मिंज के चोटिल होने का पता चला। उसे हिरासत में लेने पर खुलासा हुआ। बताया जाता है कि आरोपी सूरज गोस्वामी पूर्व चालक था और आकाश गोस्वामी वर्तमान चालक था। आकाश कर्ज में था। सूरज को पता था कि गोपाल के सूटकेश में चाबी रहती है। दुकान में चोरी की प्लानिंग थी और दुकान की चाबी सूटकेश में रहती थी। यह चाबी हासिल कर दुकान से जेवरात चुराने की योजना थी। चाबी चोरी करने की प्लानिंग 25 दिसम्बर को तैयार की गई थी। सूरज व आकाश दोनों भाई ने मिलकर योजना बनाई व मोहन मिंज आदतन बदमाश को शामिल किया। घटना दिनांक 5 जनवरी से एक सप्ताह पहले भी ये लोग चाबी हासिल करने घर तक गए थे लेकिन चहल पहल होने के कारण लौट आए। आकाश व सूरज को पता था कि पुत्र नचिकेता वर्क फ्रॉम होम रहता था लेकिन रविवार को शाम को दुकान जाता। घटना दिनांक 5 जनवरी की रात घर के पास खंडहर नुमा मकान में पहले से तीनों आरोपी छिपे थे। जैसे ही गोपाल राय को चालक आकाश ने घर मे छोड़ा और नचिकेता दुकान गया तो तीनों घर में दीवार फांदकर घुसे। आपस में बातचीत करने के लिए किसी का मोबाइल और किसी के नाम का सिम इस्तेमाल किया गया। जब आरोपी घर में घुसे तब उस समय गोपाल राय पत्नी के कमरे में थे कि आरोपी अलग-अलग छिप गए।

एक आरोपी सूरज घर के परिसर में मंदिर में छिप गया था जहां माथा टेकने पहुंचे गोपाल राय ने सूरज को देख लिया। इसके बाद सूरज की पहचान हो जाने से उसने आकाश को बताया व तीनों ने मिलकर धारदार हथियार से गोपाल राय की हत्या कर दी। हमला करने बाद इधर सूटकेश में दुकान की चाबी है, इसलिए आरोपी सूटकेश लेकर भाग निकले। सूटकेश व हथियार को रास्ते मे नदी में फेंक दिया। गोपाल राय की पत्नी का मोबाइल बरामद हुआ। सूटकेश व हथियार की बरामदगी गोताखोरों की मदद से की गई। पुलिस ने आरोपी का खून सना जूता भी बरामद किया गया था।

**खास बातें**

- व्यवसायी के चालक ने दोस्तों के साथ बनायी थी चोरी की योजना
- चाबी लेने घर में घुसे और व्यवसायी की गर दी थी हत्या

# खाने का बिल मांगने पर भड़के युवक, ढाबा संचालक सहित कर्मचारियों की पिटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

करतला थाना क्षेत्र में एक ढाबे में खाना खाने के बाद बिल मांगने पर विवाद इतना बढ़ गया कि 9 लोगों ने कथित रूप से ढाबा संचालक, उसके कर्मचारी और एक महिला के साथ मारपीट कर दी। आरोप है कि आरोपियों ने ढाबे में तोड़फोड़ कर जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम तुर्रीकटरा निवासी संतलाल मंझवार (38 वर्ष) कोटमेर पेट्रोल पंप के सामने होटलनुमा ढाबा संचालित करता है। 2 जुलाई की रात करीब 8 बजे समयलाल राठिया, किशन कुमार, संजय कुमार, राहुल कुमार, जगदीश, मुकेश कुमार, गुलशन कुमार, राधेश्याम तथा बूटी उर्फ सुखराम राठिया दो मोटरसाइकिलों से ढाबे पहुंचे और चिकन-चावल के 9 प्लेट का ऑर्डर दिया। खाना खाने के बाद जब ढाबे में काम करने वाले रामायण उर्फ बंधन सिंह ने 860 रुपये का बिल थमाया और बिल देखकर सभी युवक भड़क गए। उन्होंने गाली-गलौज करते हुए रामायण का कॉलर पकड़कर उसे टेबल पर गिरा कर मारना शुरू कर दी। बीच-बचाव करने पहुंचे ढाबा संचालक संतलाल मंझवार और रामायण की पत्नी केंवराबाई के साथ भी हाथ-मुक्कों से मारपीट की गई। आरोप है कि मारपीट के दौरान एक आरोपी ने केंवराबाई की बाईं कलाई को दांत से काट लिया। साथ ही रामायण को जान से मारने की धमकी दी गई और ढाबे का सामान भी अस्त-व्यस्त कर दिया गया। ढाबा संचालक ने घटना की सूचना डायल-112 को दी, तब तक सभी आरोपी दो मोटरसाइकिलों से ग्राम तुर्रीकटरा की ओर भाग निकले। करतला पुलिस ने संतलाल मंझवार की शिकायत पर समयलाल राठिया, किशन कुमार, संजय कुमार, राहूल कुमार, जगदीश, मुकेश कुमार, गुलशन कुमार, राधेश्याम तथा बूटी उर्फ सुखराम राठिया के विरुद्ध बीएनएस की धारा 115(2), 191(2), 296 एवं 351(3) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों की जांच शुरु कर दी है।

**खास बात**

- ढाबा संचालक की शिकायत पर मामला दर्ज

एसईसीएल के सभी एरिया जीएम को मानसून में उत्पादन नहीं रुकने की दी हिदायत

# सीएमडी की दो टूक, डिस्पैच बढ़ाओ, स्टॉक करो खत्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल मुख्यालय में शनिवार को अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरिश दुहान की अध्यक्षता में जनरल मैनेजर्स कोऑर्डिनेशन मीटिंग आयोजित की गई। बैठक में कंपनी के सभी क्षेत्रों के प्रदर्शन, उत्पादन, कोयला डिस्पैच तथा विभिन्न विकास परियोजनाओं की व्यापक समीक्षा की गई। बैठक में निदेशक (तकनीकी/संचालन) एन. फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक (वित्त) डी. सुनील कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन, निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना) रमेश चंद्र महापात्र सहित एसईसीएल मुख्यालय के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। वहीं, सभी क्षेत्रीय महाप्रबंधक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

सीएमडी श्री दुहान ने सभी क्षेत्रों को निर्देशित किया कि कंपनी की परिचालन गति को बनाए रखते हुए कोयला डिस्पैच को अधिकतम किया जाए तथा स्टॉक में उपलब्ध कोयले का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान भी उत्पादन और आपूर्ति प्रभावित नहीं होनी चाहिए तथा सभी क्षेत्रों में आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाएं। बैठक के दौरान सभी क्षेत्रों में कोयला उत्पादन, उत्पादकता, मानसून तैयारियों तथा खनन कार्यों की निरंतरता की विस्तार से समीक्षा की गई। साथ ही पर्यावरणीय स्वीकृति, वन स्वीकृति, कोयले की गुणवत्ता प्रबंधन तथा पूंजीगत व्यय की प्रगति पर भी विस्तृत चर्चा की गई।बैठक की शुरुआत में मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन ने संगठन में पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से चल रही सतर्कता संबंधी पहलों एवं प्रमुख मुद्दों पर विस्तृत प्रस्तुति दी।

**खास बात**

- कोयला उत्पादन, उत्पादकतास, मानसून तैयारियों तथा खनन कार्यों की हुई समीक्षा



अधिकारियों की बैठक लेते सीएमडी।

TOP IN JANJGIR
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

APPROVED BY NSDC CENTER NO. 69240
पैरामेडिकल एवं नर्सिंग कोर्स
10 वी एवं 12 वी के छात्रो के लिए सुनहरा अवसर एक वर्षीय कोर्स
प्रवेश प्रारंभ सीमित सीट उपलब्ध
आकाश एजुकेशनल एकेडमी
केरा रोड, रजनीश बुक डिपो के सामने तिवारी काम्प्लेक्स जांजगीर (छ.ग.) 495668 मो . 9399743304
कोर्स
- MPW-पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टी पर्पस हेल्थ वर्कर
- COT-सर्टिफिकेट इन OT टेक्नीशियन
- DMLT-डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन
- EMT-पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नी.
- एक्स-रे टेक्नीशियन
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फिजिशियन एसिसटेंश

अस्पतालो या पैथोलैब में कार्यरत विद्यार्थियो के पत्राचार एवं साप्ताहिक सुविधा उपलब्ध













# फिल्म 'रहूं मैं तेरे रूबरू' 17 को होगी रिलीज...

**मुंबई।** प्यार, धोखा और खौफनाक रहस्यों से भरपूर बॉलीवुड फिल्में दर्शकों की हमेशा से पसंदीदा रही हैं। आगामी फिल्म 'रहूं मैं तेरे रूबरू' भी कुछ ऐसा ही वादा करती है, जिसका टीजर यूट्यूब पर जारी हो गया है। इंद्र दास द्वारा निर्देशित इस फिल्म में आर्य कुमार, नीता शेट्टी और पीहू बिस्वास जैसे नए कलाकार शामिल हैं। एसएस एंटरटेनमेंट वर्ल्ड के बैनर तले सुमन सौरभ द्वारा निर्मित 'रहूं मैं तेरे रूबरू' प्यार, धोखे, रहस्य और अप्रत्याशित मोड़ का मिश्रण है। फिल्म का टीजर एक ऐसी दुनिया में ले जाता है, जहां रोमांस और रहस्य की एक झलक मिलती है। इसकी कहानी एक व्लॉगर के इर्द-गिर्द घूमती है।

लाइफ Style

# तृषा

## कपड़ों से बदबू आने पर ब्रांड को लगाई फटकार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

तृषा ने ये भी साफ किया कि उनके साथ ऐसा पहली बार नहीं हुआ है, बल्कि पहले भी ऐसा हो चुका है। उन्होंने जारा ब्रांड से अपने कपड़ों की जांच-परख और उनके स्तर को सुधारने की मांग की है।

मशहूर अभिनेत्री तृषा कृष्णन ने कपड़ों के बड़े ब्रांड 'जारा' की सोशल मीडिया पर जमकर फटकार लगाई है। उन्होंने शिकायत की है कि इस ब्रांड से जो कपड़े उन्हें मिले, उनसे पसीने की बहुत ही गंदी बदबू आ रही थी। इंस्टाग्राम पर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए अभिनेत्री ने इसे 'बेहद घिनौना' बताया है। तृषा ने ये भी साफ किया कि उनके साथ ऐसा पहली बार नहीं हुआ है, बल्कि पहले भी ऐसा हो चुका है। उन्होंने जारा ब्रांड से अपने कपड़ों की जांच-परख और उनके स्तर को सुधारने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी भी ग्राहक को ऐसी गंदी हरकत का सामना न करना पड़े। तृषा ने अपने इस पोस्ट में जारा ब्रांड के आधिकारिक खातों को भी टैग किया। उन्होंने सीधे शब्दों में लिखा, 'कम से कम कपड़े पैक करने से पहले उन्हें सूंघ तो लिया करो। उनके इस पोस्ट ने सोशल मीडिया पर भारी हलचल मचा दी है और उनके प्रशंसकों ने भी इस पर जमकर अपनी प्रतिक्रियाएं दी हैं। हालांकि, अभी तक जारा कंपनी की तरफ से इस शिकायत पर कोई जवाब नहीं आया है। काम के मोर्चे पर बात करें तो तृषा को आखिरी बार फिल्म 'करुप्पु' में देखा गया था।




हॉलीवुड मसाला



# टेलर ने मंगेतर ट्रैविस से की शादी

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन सिंगर, सॉन्ग राइटर टेलर स्विफ्ट ने हाल ही में अपने मंगेतर ट्रैविस केल्सी से शादी कर ली है। कहा जा रहा है कि टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस केल्स ने न्यूयॉर्क सिटी के मैडिसन स्क्वायर गार्डन में शादी की।. हालांकि अभी तक कपल ने अपनी शादी की कोई भी फोटो या वीडियो शेयर नहीं की है। भारतीय रुपये के हिसाब से पॉप सिंगर की शादी में करीब 94.72 करोड़ से 189.52 करोड़ का भारी-भरकम खर्चा हुआ है। मिली जानकारी के मुताबिक, टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस केल्स की वेडिंग सेरिमनी 3 जुलाई 2026 को मैडिसन स्क्वायर गार्डन में हुई।



# 7 करोड़ में बनी हॉरर फिल्म ने 10 दिनों में कमा डाले 750 करोड़

**लॉस एंजिल्स।** हाल ही में रिलीज हुई हॉलीवुड हॉरर फिल्म 'ऑब्सेशन' ने तो कमाई के मामले में इतिहास रच दिया है। 7 करोड़ के बजट में बनी की फिल्म ने सिर्फ 10 दिनों में 750 करोड़ रुपये का कलेक्शन पार कर लिया है। हॉलीवुड फल्मि 'ऑब्सेशन' का प्रीमियर पिछले साल 05 सितंबर 2025 को टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टविल में हुआ था। वहीं, अब 15 मई 2026 को ये फिल्म थएिटर्स में रिलीज हुई है। दिलचस्प बात है कि इस फिल्म का बजट सिर्फ 7 करोड़ रुपये है और 10 दिनों में इस फिल्म ने 750 करोड़ रुपए कमा डाले। इस फिल्म ने कमाई के मामले में 'माइकल', 'प्रोजेक्ट हेल मैरी' जैसी फिल्मों को पछाड़ दिया है। 'ऑब्सेशन' की कहानी की बात करे तो ये एक हॉरर फिल्म है, जिसमें माइकल जॉनस्टन लीड रोल प्ले करते नजर आए हैं।



# दक्षिण सिनेमा में जमाएंगी पैर...

**मुंबई।** शनाया कपूर के लिए बॉलीवुड का सफर कुछ खास साबित नहीं हुआ। उनकी डेब्यू फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' (2025) फ्लॉप निकल गई। आदर्श गौरव के साथ सर्वाइवल फिल्म 'तू या मैं' भी बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिर गई। ताजा अपडेट है कि अभिनेत्री तीसरी फिल्म के लिए दक्षिण सिनेमा का रुख करने की तैयारी कर रही हैं। साल 2021 की जॉम्बी कॉमेडी फिल्म 'जॉम्बी रेड्डी' के सीक्वल से अभिनेत्री तेलुगु फिल्म जगत में डेब्यू कर सकती हैं। शनाया के साथ इस अभिनेता की बनेगी जोड़ी रिपोर्ट के मुताबिक, 'जॉम्बी रेड्डी' के सीक्वल में शनाया के साथ तेजा सज्जा मुख्य किरदार में नजर आएंगे। तेजा को 'हनु-मान' (2024) और 'मिराई' (2025) जैसी फिल्मों ने जबरदस्त सफलता दिलाई है।



# 'धुरंधर' को टक्कर देगी धमाल-4

**मुंबई।** मशहूर अभिनेता रवि किशन अपनी आने वाली फिल्म 'धमाल 4' को लेकर बेहद उत्साहित हैं और उन्होंने इस फिल्म को 'मजेदार पागलपन' बताया है। उनका मानना है कि आज के समय में दर्शक बड़े पर्दे पर इसी तरह की फिल्में देखना पसंद कर रहे हैं। रवि किशन ने आगे कहा कि भले ही बॉक्स ऑफिस पर रणवीर सिंह की 'धुरंधर' जैसी मारधाड़ वाली फिल्में अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं, लेकिन अब लोगों का झुकाव कॉमेडी फिल्मों की तरफ ज्यादा बढ़ रहा है। यही वजह है कि उन्हें लगता है कि 'धमाल 4' सिनेमाघरों में एकदम सही समय पर रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म का निर्देशन इंद्र कुमार ने किया है। इसमें अजय देवगन, अरशद वारसी, रितेश देशमुख, संजय मिश्रा, जावेद जाफरी और ईशा गुप्ता जैसे कलाकार मुख्य भूमिकाओं में दिखेंगे।

टीवी मसाला

# कभी ट्रैफिक सिग्नल पर नाचीं तो कभी दूसरे के कंधे पर झूमीं

**मुंबई।** एकता कपूर की रियलिटी शो लॉकअप सीजन 2 को नेटफ्लिक्स पर काफी ज्यादा चर्चा में देखा जा रहा है। शो को शुरू हुई अभी एक हफ्ता भी नहीं हुआ है और इतने में ही यह शो काफी सुर्खियों में आ चुका है। इस सीजन में काफी सारे ऐसे सेलिब्रिटीज की भी एंट्री हुई जिनकी जिंदगी काफी विवादित है। कुछ कंटेस्टेंट्स के बीच खूब लड़ाई भी हुई है। लेकिन इसी बीच श्रेया कालरा काफी चर्चा में आ गई है। लॉकअप के सीजन 2 की कंटेस्टेंट श्रेया कालरा पहले ही दिन से काफी ज्यादा सुर्खियां बटोर रही हैं। उन्हें फर्स्ट एपिसोड में राम कपूर के साथ में बहस करते हुए भी देखा जा चुका है।



***डांस रील पर हो चुका है हंगामा :*** वैसे तो लॉकअप के शो में और श्रेया जितनी ज्यादा विवादित नजर आ रही है उतनी ही वह रियल लाइफ में भी कंट्रोवर्सी रह चुकी है। साल 2021 में वह अपनी एक डांस रील वीडियो को लेकर पहली बार चर्चा में आई थी। मध्य प्रदेश के इंदौर की श्रेया एक ट्रैफिक सिग्नल पर नाच रही थी और बीजी रोड पर उनका यह स्टंट उन्ही पर भारी पड़ गया। इनफ्लुएंसर के खिलाफ ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने और पब्लिक में हंगामा करने पर एफआईआर दर्ज करवा दी थी।

***बॉयफ्रेंड पर चीट करने के लगाए गए आरोप:*** श्रेया कालरा एमटीवी के मशहूर शो रोडीज का भी हिस्सा रह चुकी है। उन्हें कई बार पॉडकास्ट पर अपने बॉयफ्रेंड ऋषभ जायसवाल के साथ तीखी बयान बाजी करते हुए भी देखा जा चुका है। हालांकि अफसर ऋषभ और श्रेया को एक दूसरे पर पब्लिक में भी प्यार लुटाते हुए देखा जाता है। लेकिन एक बार श्रेया पर अपने बॉयफ्रेंड को धोखा देने के आरोप लगा दिए गए थे। साल 2025 के दौरान एक कंसर्ट का यह मामला है और यहां पर इनफ्लुएंसर को एक शख्स के कंधों पर बैठकर और नाचते हुए देखा गया था।

## शिवांगी जोशी ने गुपचुप रचा ली सगाई

**मुंबई।** शिवांगी जोशी टीवी इंडस्ट्री की एक मशहूर अभिनेत्री है और आपको बता दें कि उन्होंने यह रिश्ता क्या कहलाता है सीरियल में नायरा का किरदार निभाकर घर-घर में अपनी एक खास पहचान बना ली थी। लेकिन इस समय वह रियलिटी शो लॉकअप सीजन 2 में कंटेस्टेंट के तौर पर शामिल हुई है। अब हाल ही में उन्होंने शो में इस बात का खुलासा किया है कि उनकी सगाई हो चुकी है। जिसका वीडियो भी सामने आया है। शिवांगी जोशी का इस समय लॉकअप सीजन 2 का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल होता हुआ नजर आ रहा है।



इस दौरान वह श्रेया कलर से बात करती हुई नजर आती है और बताती है कि उनकी सगाई हो चुकी है। शिवांगी जोशी ने इस पर बात करते हुए कहा कि मैं सीधा शादी करना चाहती हूं। जब श्रेया ने शिवांगी से सवाल किया कि उन्हें कैसा लड़का पसंद है तो इस पर वह मुस्कुराती है और कहती हैं कि मैं इंगेज्ड हूं। इसका सीधा मतलब है कि शिवांगी की सगाई हो चुकी है। लेकिन आखिरकार वह शख्स कौन है और क्या करता है?

# 'गट्टा कुश्ती 2' के मजेदार पागलपन को देखने उमड़ी दर्शकों की भीड़...

**मुंबई।** विष्णु विशाल और ऐश्वर्या लक्ष्मी के शानदार अभिनय से सजी फिल्म 'गट्टा कुश्ती 2' ने सिनेमाघरों में आते ही तहलका मचा दिया है। ये फिल्म 3 जुलाई, 2026 को रिलीज हुई है और इसे समीक्षकों से भी शानदार प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। बॉक्स ऑफिस पर भी फिल्म ने धमाकेदार शुरुआत की है। इस नए भाग में 'वीर' और 'कीर्ति' की कहानी को और आगे बढ़ाया गया है। फिल्म में भरपूर कॉमेडी और पारिवारिक भावनाओं का ऐसा बेहतरीन तालमेल है, जिसे दर्शक बेहद पसंद कर रहे हैं और सिनेमाघरों में दर्शक इसका पूरा लुत्फ उठा रहे हैं।



## बॉक्स ऑफिस पर 'गट्टा कुश्ती 2' ने कमाए इतने करोड़

*'गट्टा कुश्ती 2' ने अपने पहले ही दिन पूरे देश में 2.93 करोड़ रुपये की शानदार कमाई की है। इसमें सबसे बड़ा हिस्सा तमिलनाडु से आया, जहां फिल्म ने अकेले 2.60 करोड़ रुपये बटोरे। सिनेमाघरों में फिल्म के शोज को लेकर दर्शकों में अच्छा-खासा उत्साह देखने को मिला। दिनभर सिनेमाघरों में सीटों की बुकिंग 22 प्रतिशत से ज्यादा रही, जो रात के शोज में बढ़कर 36 प्रतिशत तक पहुंच गई।*

# बॉलीवुड के कुछ ऐसे कलाकार, जिनकी सादगी के होते हैं चर्चे, स्टार बनने के बाद भी नहीं बदला अंदाज

**मुंबई।** रणबीर कपूर से लेकर पंकज त्रिपाठी और मनोज बाजपेयी तक, जानिए बॉलीवुड के उन सितारों के बारे में जिनकी सादगी और प्रोफेशनल रवैये की चर्चा इंडस्ट्री में भी होती है। बॉलीवुड में स्टारडम के साथ अक्सर बड़े एंटॉरेज, लग्जरी लाइफस्टाइल और अलग अंदाज की चर्चा होती है. लेकिन इंडस्ट्री में कुछ ऐसे सितारे भी हैं, जिन्होंने सफलता मिलने के बाद भी अपनी सादगी नहीं छोड़ी. उनके व्यवहार और प्रोफेशनल रवैये की तारीफ डायरेक्टर्स, को-स्टार्स और फैंस तक करते हैं।

**रणबीर कपूर** : रणबीर कपूर की सादगी का जिक्र हाल ही में निर्देशक राजकुमार हिरानी ने **Zoom** को दिए एक इंटरव्यू में किया। उन्होंने बताया कि संजू की शूटिंग के दौरान रणबीर सीधे टीम और असिस्टेंट डायरेक्टर्स से बात करते थे। हिरानी ने कहा कि पूरी फिल्म बन गई और उन्हें यह तक पता नहीं चला कि रणबीर का मैनेजर कौन है। इससे पहले करण जौहर भी रणबीर के सहज और प्रोफेशनल रवैये की तारीफ कर चुके हैं।

**पंकज त्रिपाठी** : पंकज त्रिपाठी की पहचान सिर्फ शानदार अभिनय ही नहीं, बल्कि उनकी सादगी भी है। कई इंटरव्यू में वे अपने गांव, परिवार और संघर्ष के दिनों को याद करते नजर आए हैं। सफलता मिलने के बाद भी उनके रहन-सहन और व्यवहार में ज्यादा बदलाव नहीं आया। सेट पर उनका शांत स्वभाव और सभी के प्रति सम्मान उन्हें इंडस्ट्री के सबसे पसंदीदा कलाकारों में शामिल करता है।



**मनोज बाजपेयी** : मनोज बाजपेयी ने अपने दमदार अभिनय से अलग पहचान बनाई है। कई फिल्ममेकर्स और सह-कलाकार उनके अनुशासन, समय की पाबंदी और जमीन से जुड़े व्यवहार की तारीफ कर चुके हैं। वे हमेशा इस बात पर जोर देते हैं कि कलाकार की पहचान उसके काम से बनती है, न कि दिखावे से। यही सोच उन्हें बाकी सितारों से अलग बनाती है।

**नवाजुद्दीन सिद्दीकी** : संघर्ष से सफलता तक का सफर तय करने वाले नवाजुद्दीन सिद्दीकी आज भी अपनी सादगी के लिए जाने जाते हैं। कई मौकों पर उन्होंने कहा है कि वे लाइमलाइट से ज्यादा अपने काम पर ध्यान देना पसंद करते हैं। उनके करीबी और इंडस्ट्री से जुड़े लोग भी अक्सर उनके सहज स्वभाव और विनम्र व्यवहार की चर्चा करते हैं।

**विक्की कौशल** : विक्की कौशल ने कम समय में बॉलीवुड में अपनी अलग जगह बनाई है। सफलता मिलने के बाद भी उनका सहज व्यवहार अक्सर सुर्खियों में रहता है। फैंस के साथ उनका अपनापन, मीडिया से विनम्रता और सेट पर टीम के साथ सामान्य तरीके से पेश आना उनकी खास पहचान बन चुका है। यही वजह है कि वे इंडस्ट्री के सबसे डाउन टू अर्थ सितारों में गिने जाते हैं।

**एक बात सबसे अलग** : इन पांचों कलाकारों की एक बात सबसे अलग है। इन्होंने कभी स्टार बनने के बाद अपने व्यवहार को नहीं बदला। चाहे शूटिंग का माहौल हो या किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में मौजूदगी, ये सितारे अपने शांत और सम्मानजनक रवैये के लिए पहचाने जाते हैं। शायद यही वजह है कि इंडस्ट्री में भी इनकी सादगी की मिसाल दी जाती है।

## इन सितारों की बचाई जिंदगी

# जब डॉक्टर बने भगवान! अमिताभ से लेकर सैफ अली खान तक

*मुंबई। हिंदी सिनेमा में आपने अक्सर देखा होगा कि हीरो आखिरी वक्त पर आकर किसी की जान बचा लेता है लेकिन असल जिंदगी की कहानियां बिल्कुल अलग होती हैं क्योंकि यहां न बैकग्राउंड म्यूजिक होता है, न दूसरा टेक। होता है तो सिर्फ जिंदगी और मौत के बीच झूलता इंसान। उस वक्त सबसे बड़ा हीरो कोई सुपरस्टार नहीं, बल्कि ऑपरेशन थियेटर में खड़ा डॉक्टर होता है। आइए, जानते हैं ऐसी ही फिल्मी हीरो की कहानियां जिनके लिए डॉक्टर किसी फरिश्ते से कम नहीं साबित हुए।*

### अमिताभ बच्चन के लिए पूरा देश कर रहा था दुआ

सबसे पहले बात करते हैं अमिताभ बच्चन की जिन्हें फिल्म कुली के फाइटिंग के दौरान पुनित इस्सर ने इतनी जोर से मुक्का मारा कि उनके पेट में गंभीर अंदरूनी चोट आईं। बेहद नाजुक हालत में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां कई घंटे तक ऑपरेशन चला। उनके शरीर से काफी खून बह चुका था। पूरा देश बिग बी के लिए प्रार्थना कर रहा था। आखिरकार डॉक्टरों की मेहनत रंग लाई और अमिताभ ने मौत को मात दे दी। बाद में उन्होंने कई बार कहा कि उन्हें दूसरी जिंदगी मिली है और इसके लिए वह डॉक्टरों और अपने चाहने वालों के हमेशा आभारी रहेंगे।

### ऋषि कपूर: दो साल तक बीमारी से लड़ते रहे

ऋषि कपूर को 2018 में कैंसर का पता चला। इलाज के लिए वो अमेरिका के न्यूयार्क गए, जहां लगभग एक साल उनका इलाज चला। कई बार कीमोथेरेपी हुई, कई मेडिकल प्रोसेस से गुजरना पड़ा। इलाज के दौरान उन्होंने अपनी मुस्कान नहीं खोई. ।सोशल मीडिया पर वो अक्सर डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ का शुक्रिया अदा करते थे। वापस इंडिया लौटने के बाद उन्होंने फिल्मों में काम शुरू किया। हालांकि 2020 में उनका निधन हो गया। लेकिन डाक्टर्स की वजह से उन्हें अपने परिवार के साथ कुछ वक्त और बिताने का वक्त मिला।




### सैफ अली खान: चंद मिनटों में बदल गई पूरी रात

सैफ अली खान के घर पर आधी रात को हुए चाकू से हमले ने पूरे देश को चौंका दिया। अपने बच्चों को चोर से बचाने के लिए सैफ ने अपनी जान तक दांव पर लगा दी। गंभीर रूप से घायल होने के बाद उन्हें तुरंत मुंबई के अस्पताल में ले जाया गया। एक चोट तो रीढ़ की हड्डी के बेहद करीब थी। मेडिकल टीम ने घंटों तक ऑपरेशन किया और वे स्वस्थ हो गए। डॉक्टरों का कहना था कि इलाज में थोड़ी भी देरी होती तो स्थिति और गंभीर हो सकती थी।

### गरीबों के मसीहा सोनू सूद

सोनू सूद को लोग गरीबों का मसीहा कहते हैं. हालांकि कुछ वक्त पहले उन्हें खुद भी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ा। लगातार काम और बिजी लाइफ के बीच एक मेडिकल समस्या के कारण उन्हें सर्जरी करानी पड़ी। सोनू ने डॉक्टरों और मेडिकल टीम का धन्यवाद करते हुए कहा कि मरीज के लिए सिर्फ दवा ही नहीं, डॉक्टर का भरोसा भी बहुत बड़ी ताकत होता है।

### शाहरुख खान

शाहरुख खान ने अपने करियर में कई चोटें झेली हैं। कंधे, घुटने और पीठ की समस्याओं के कारण उन्हें कई बार सर्जरी करानी पड़ी। उन्होंने खुद कई इंटरव्यू में बताया है कि शरीर पर लगी चोटें उनके पेशे का हिस्सा बन चुकी हैं। हर बार डॉक्टरों की मदद और लंबी फिजियोथेरेपी के बाद ही वह दोबारा कैमरे के सामने लौट पाए।

### सलमान खान

सलमान खान भी अपने कई इंटरव्यूज़ में बता चुके हैं कि उन्हें 'ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया' बीमारी है। मेडिकल टर्म में इसे सबसे दर्दनाक माना जाता है। इसमें चेहरे की नस में तेज, अचानक और बिजली के झटके जैसा दर्द होता है। सलमान ने इस बीमारी का इलाज यूएस से करवाया और डॉक्टर्स को शुक्रिया अदा किया।

## खबर संक्षेप

### कोड़ाभाट मंडल में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की हुई प्रथम बैठक



**तनौद।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा कोड़ाभाट मंडल की प्रथम परिचयात्मक बैठक तनौद में संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य मोर्चा के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी को पार्टी द्वारा चलाए जा रहे डिजिटल लर्निंग प्रशिक्षण महाअभियान से अवगत कराना, सरल ऐप के माध्यम से प्रशिक्षण दिलाना और आपसी परिचय कराना रहा। बैठक में बताया गया कि पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए डिजिटल लर्निंग प्रशिक्षण महाअभियान चलाया जा रहा है। सरल ऐप के माध्यम से कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें सरकार की योजनाओं और पार्टी की नीतियों की जानकारी घर-घर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी दी जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अकलतरा विधानसभा के पूर्व विधायक एवं भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष चुन्नीलाल साहू शामिल हुए। इस अवसर पर पिछड.ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष नरेन्द्र कौशिक, पामगढ़ विधानसभा पूर्व प्रत्याशी संतोष लहरें, पि.मो. जिला महामंत्री कमल साहू, अजय साहू, सम्मेलाल साहू, भीमबली नायक, पि.मो. मंडल अध्यक्ष महावीर साहू जी, महामंत्री सनत धीवर, दीपक यादव, श्याम सुंदर साहू सहित बड़ी संख्या में मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में मोर्चा के पदाधिकारियों ने एक-दूसरे से परिचय किया और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की। वक्ताओं ने कहा कि पिछड़ा वर्ग मोर्चा, भाजपा की रीढ़ है और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना ही हमारा लक्ष्य है।

### दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर के सामने हुआ प्रसाद वितरण



**जांजगीर-चांपा।** विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी बागेश्वर धाम शिष्य मंडल जांजगीर के द्वारा दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर जांजगीर रेस्ट हाउस के सामने में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के जन्म दिवस के अवसर पर हनुमान की पूजा कर फल प्रसाद का वितरण 4 जुलाई प्रातः काल 9 बजे से 11 बजे तक किया गया। प्रसाद वितरण के पूर्व हनुमान जी के सामने हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर जांजगीर के पुजारी पंडित किरण कुमार मिश्रा ने हनुमान की महा आरती उतारी। आरती में बागेश्वर धाम शिष्य मंडल के सदस्य गण शामिल हुए। बागेश्वर धाम शिष्य मंडल के शिष्य रोशन प्रीतम दास संगीत कश्यप, अनिल पटेल, राकेश श्रीवास, आयुष लाल सोनम तिवारी, हेमा सोनी, सुरेश्वरी यादव, लक्ष्मी तिवारी, अनीता साहू एवं शिक्षित मंडल के सदस्य का सहयोग साराहनीय रहा। नहरिया बाबा हनुमान मंदिर में 1 बजे से 3 बजे तक महाप्रसाद भंडारा का आयोजन बाबा बागेश्वर धाम शिष्य मंडल की ओर से रखा गया। भक्त जनों ने हनुमान जी का महाप्रसाद ग्रहण किया। वहीं सायं काल सात बजे से सामूहिक सुंदरकांड का रखा गया, जिसमें प्रमोद पांडे रामकृष्ण राठौर गौरी शंकर राठौड़ बालाजी राठौर, रामकुमार सोनी, श्री ठाकुर एवं बड़ी संख्या में हनुमान भक्त शामिल हुए।

### पुरानी रंजिश में घर में घुसकर मारपीट व धमकी, आरोपी गिरफ्तार



**अकलतरा।** पुरानी रंजिश के चलते घर में घुसकर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को अकलतरा पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस के अनुसार ग्राम कल्याणपुर निवासी श्रीमती भारती शर्मा की शिकायत पर थाना अकलतरा में मामला दर्ज किया गया। शिकायत में बताया गया कि पड़ोसी एवं रिश्ते में भतीजा लगने वाला चंद्रकांत शर्मा उर्फ छोटू (39 वर्ष) से पूर्व से विवाद चल रहा था। इसी मामले में 16 मार्च को भी उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई थी। शिकायत के अनुसार 29 जून 6 की सुबह करीब 9:45 बजे आरोपी पुरानी रंजिश के चलते पीड़िता के घर पहुंचा और उनके तथा परिवार के सदस्यों के साथ गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर वह घर के भीतर घुस गया और जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की।रिपोर्ट के आधार पर थाना अकलतरा में अपराध क्रमांक 380/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 351(3) एवं 333 के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी को उसके निवास ग्राम कल्याणपुर से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने पुरानी रंजिश के कारण घटना को अंजाम देना स्वीकार किया, जिसके बाद उसे न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक भास्कर शर्मा, प्रधान आरक्षक सुधीर साहू तथा थाना अकलतरा के स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

दुर्घटना रोकने के लिए पुलिस की नई पहल, कार्यशाला का आयोजन

# सड़क पर बैठे या घूमते पशुओं की सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंचेगी टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

सड़क पर बैठे या फिर विचरण कर रहे पशुओं की सूचना प्राप्त होते ही तत्काल टीम मौके पर पहुंचेगी। साथ ही व्यवस्थित जगह पर पहुंचाया जाएगा, वहीं घायलों होने की सूचना पर चिकित्सकीय सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। इसे लेकर पुलिस प्रशासन एवं पशु चिकित्सा विभाग के मध्य कार्यशाला का आयोजन किया गया।

बरसात के मौसम में सड़कों पर घूमने वाले मवेशियों के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और घायल गौवंश को समय पर उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जांजगीर-चांपा पुलिस ने महत्वपूर्ण पहल की है। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में जिले के सभी पशु चिकित्सकों और गौवंश संरक्षकों की एक दिवसीय समन्वय कार्यशाला का आयोजन रविवार 5 जुलाई को किया गया, जिसमें सड़क सुरक्षा, गौवंश संरक्षण और आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई की रणनीति तैयार की गई। कार्यशाला में पुलिस, पशु चिकित्सा विभाग और गौवंश संरक्षण से जुड़े स्वयंसेवकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरान सभी संबंधित अधिकारियों




गौवंश संरक्षकों को सामग्री प्रदान करते पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय एवं अन्य।

और स्वयंसेवकों के मोबाइल नंबरों का आदान-प्रदान कर एक प्रभावी संपर्क तंत्र विकसित करने का निर्णय लिया गया, ताकि किसी भी सूचना पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने कहा कि बारिश के मौसम में बड़ी संख्या में मवेशी सड़कों पर बैठे या विचरण करते दिखाई देते हैं, जिससे सड़क दुर्घटनाओं का खतरा काफी बढ़ जाता है। ऐसी स्थिति में पुलिस, पशु चिकित्सा विभाग और गौवंश संरक्षकों की संयुक्त जिम्मेदारी है कि समय रहते आवश्यक कदम उठाकर दुर्घटनाओं को रोका जाए और आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। बैठक में यह तय किया गया कि सड़क पर बैठे या घूमते हुए पशुओं की सूचना मिलते ही संबंधित टीम तत्काल मौके पर पहुंचेगी और आवश्यक कार्रवाई करेगी। वहीं यदि किसी पशु के घायल होने की जानकारी मिलती है तो संबंधित पशु चिकित्सक बिना किसी देरी के घटनास्थल पर पहुंचकर प्राथमिक उपचार और आवश्यक चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराएंगे, जिससे पशुओं का जीवन बचाया जा सके। कार्यशाला में भविष्य में भी पुलिस, पशु चिकित्सा विभाग और गौवंश संरक्षकों के बीच लगातार संवाद और समन्वय बनाए रखने का निर्णय लिया गया। अधिकारियों का मानना है कि संयुक्त प्रयासों से न केवल सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी, बल्कि गौवंश संरक्षण और आपातकालीन व्यवस्थाओं को भी अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा। इस अवसर पर उप संचालक पशु चिकित्सा विभाग ए.एल. सिंह, डॉ. ओग्रे, जिले के विभिन्न ब्लॉकों के पशु चिकित्सक तथा बड़ी संख्या में गौवंश संरक्षक उपस्थित रहे।

## पिपरदा में कार और बाइक की जोरदार भिड़ंत, तीन युवक गंभीर रुप से घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बम्हनीडीह



चांपा-बम्हनीडीह मार्ग पर ग्राम पंचायत पिपरदा के पास रविवार रात करीब 8 बजे एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने बाइक सवार तीन युवकों को जोरदार टक्कर मार दी । हादसे में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही जनप्रतिनिधि गोकुल जायसवाल एवं दुष्यंत सिंह राज ने थाना प्रभारी दिलीप सिंह को घटना की जानकारी दी । पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल भेजकर उपचार शुरू कराया। बताया गया कि दुर्घटना के बाद करीब आधे घंटे तक 108 एंबुलेंस मौके पर नहीं पहुंची, जिसके बाद पुलिस ने अपने वाहन से घायलों को अस्पताल पहुंचाकर मानवता का परिचय दिया।

■ पुलिस ने समय रहते अस्पताल पहुंचाकर बचाई जान

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चार पहिया वाहन बम्हनीडीह की ओर से आ रहा था। पिपरदा के पास उसने बाइक सवार तीन युवकों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े । घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई और पुलिस को सूचना दी गई । हादसे के बाद चार पहिया वाहन क्रमांक सीजी12बीएफ1225 कुछ समय तक मौके पर खड़ा रहा, लेकिन स्थिति को देखते हुए चालक वाहन लेकर फरार हो गया । पुलिस वाहन और चालक की तलाश में जुटी है तथा मामले की जांच की जा रही है। घटना के बाद 108 एंबुलेंस का इंतजार किया गया, लेकिन करीब आधे घंटे तक एंबुलेंस मौके पर नहीं पहुंची । घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए थाना प्रभारी दिलीप सिंह के निर्देशन में पुलिस ने अपने वाहन से सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जिससे उनका समय पर इलाज शुरू हो सका।

थाना प्रभारी दिलीप सिंह ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कई बार लोग दुर्घटना कर मौके से भाग जाते हैं, जिससे घायल समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाते और कई मामलों में उनकी जान तक चली जाती है । उन्होंने लोगों से अपील की कि दुर्घटना होने पर इंसानियत का परिचय देते हुए घायल व्यक्तियों की तत्काल मदद करें और उन्हें जल्द से जल्द अस्पताल पहुंचाने में सहयोग करें ।

## किसानों को मिली आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी



**हसौद।** सेवा सहकारी समिति मर्यादित देवरघटा में सहकारी सप्ताह के अंतर्गत किसानों के लिए जागरूकता एवं प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड वितरण के साथ-साथ आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर ड्रोन के माध्यम से फसलों में दवाई के छिड़काव का लाइव प्रदर्शन किया गया। किसानों को नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के उपयोग, छिड़काव की सही विधि तथा इनके लाभों के बारे में विस्तार से बताया गया। ड्रोन तकनीक का प्रदर्शन किसानों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा और उन्होंने इसकी कार्यप्रणाली को लेकर उत्सुकता दिखाते हुए विशेषज्ञों से विभिन्न जानकारियां प्राप्त कीं। कार्यक्रम में सहकारिता विस्तार अधिकारी राम अवतार चौबे, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी योगेश भारद्वाज, प्राधिकृत अधिकारी देवलाल कश्यप, समिति प्रबंधक देशमुख शुक्ला, समिति के कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में किसान बंधु उपस्थित रहे। अधिकारियों ने किसानों से आधुनिक तकनीकों को अपनाकर खेती की लागत कम करने और उत्पादन बढ़ाने का आह्वान किया।

### करही में महुआ शराब विक्रेता पर कार्रवाई, 27 लीटर शराब जब्त

**बिर्रा।** ग्राम करही के वार्ड नंबर-14 में एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से महुआ शराब बेचें जाने की शिकायत आबकारी विभाग को मिली। इसकी पुष्टि के लिए पहले महुआ शराब की खरीदी कराई गई। शराब बिक्री की पुष्टि होने पर आबकारी टीम द्वारा छापामार कार्यवाही में गनपत के मकान से 27.6 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) के तहत प्रकरण कायम कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर जेल दाखिला किया गया। इस कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी आशीष उप्पल और आबकारी उपनिरीक्षक घनश्याम प्रधान की टीम में राशिल श्रीवास्तव आबकारी उपनिरीक्षक, रघुनाथ पैकरा, नवीन मनहर, परसराम कहरा, कमलेश यादव,बसंती चौधरी, भारती यादव,वीरेंद्र यादव, भीम साहू, अंजू सिदार, कल्पना का योगदान रहा है ।

## जांच में मानक स्तर का मिला धान बीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

सिवनी-चांपा के किसान द्वारा खेती कार्य के लिए बीज निगम से धान बीज की खरीदी की गई थी। इस बीज में करगा पाया गया था। इसकी जानकारी किसान द्वारा उच्चाधिकारियों की दी गई, जिसके

■ अधिकारियों के समक्ष किसानों ने जताई संतुष्टि

बाद जांच टीम गांव पहुंची। जांच के दौरान बीज को मानक स्तर पाया गया। इसके बाद इसके लेकर किसानों ने अधिकारियों के समक्ष संतुष्टि जताई।

राज्य स्तरीय एवं जिला स्तरीय जांच दल तथा कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने संबंधित किसान के खेत एवं बीज का मौके पर निरीक्षण किया। बीज प्रबंधक श्रीमती नम्रता तिवारी ने बताया कि जांच में पाया



बीज की जांच करती टीम।

गया किसान को छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम द्वारा प्रदाय स्वर्ण सब-1 धान बीज का वितरण निर्धारित गुणवत्ता परीक्षण एवं बीज प्रमाणीकरण की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद किया गया था। जांच दल ने किसान के समक्ष दूसरी सीलबंद बोरी खोलकर परीक्षण किया, जिसमें बीज पूरी तरह सही पाया गया। पहली बोरी में शेष बीज का भी भौतिक परीक्षण किया गया, जिसमें करगा (क्षतिग्रस्त दानों) की मात्रा निर्धारित मानकों के अनुरूप पाई गई। जांच दल ने किसान को बीज परीक्षण रिपोर्ट एवं गुणवत्ता मानकों की जानकारी भी दी। उन्होंने बताया निरीक्षण के बाद किसान ने बीज की गुणवत्ता एवं बोरी के वजन पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें भविष्य में भी इसी प्रकार गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराए जाएं। किसानों को प्रमाणित एवं गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने के लिए सभी आवश्यक गुणवत्ता नियंत्रण प्रक्रियाओं का पालन किया जा रहा है

## लखाली समिति में किसानों को मिला केसीसी का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बम्हनीडीह

सहकारी सप्ताह के अंतर्गत प्राथमिक कृषि सेवा सहकारी समिति लखाली में किसानों के हित में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के दौरान पात्र किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के चेक वितरित किए गए तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधरोपण भी किया गया ।

सहकारी सप्ताह के तहत समितियों में किसानों को सहकारिता योजनाओं, कृषि ऋण, खाद-बीज उपलब्धता, केसीसी सुविधा तथा शासन की किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है । कार्यक्रम के दौरान समिति परिसर में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं किसानों ने पौधरोपण किया। सभी ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मौजूद चेतन दास महंत ने कहा कि सहकारिता किसानों की आर्थिक रीढ़ है। किसान क्रेडिट कार्ड के



किसानों को चेक वितरित करते अतिथि।

माध्यम से किसानों को समय पर ऋण उपलब्ध होने से खेती की लागत पूरी करने में सुविधा मिलती है और साहूकारों पर निर्भरता कम होती है। भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष तुषार जायसवाल ने कहा कि सहकारी समितियां गांव और किसानों की प्रगति का मजबूत माध्यम हैं। उन्होंने युवाओं से कृषि और सहकारिता से जुड़कर शासन की योजनाओं का लाभ लेने तथा खेती को आधुनिक तकनीक से आगे बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड किसानों की जरूरत के समय आर्थिक संबल प्रदान करता है । कार्यक्रम में गोकुल जायसवाल, दुष्यंत सिंह राज, पवन जायसवाल, अभिषेक चंद्रा, गन्नू डडसेना, सोसायटी प्रबंधक उमाशंकर चंद्रा सहित जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे ।

## नर सेवा ही नारायण सेवा की भावना के साथ जरुरतमंदों को किया जा रहा भोजन वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

नर सेवा ही नारायण है कि भावना के साथ नगर के कुछ समाजसेवियों द्वारा पुरुषोत्तम मास के प्रारंभ होते ही विगत 1 जून से स्थानीय श्याम मंदिर प्रांगण में प्रतिदिन अनवरत दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक जरुरतमंदों को भोजन वितरण का कार्य किया जा रहा है। यह पुनीत कार्य शुक्रवार 4 जुलाई तक निरंतर जारी है।

आयोजकों ने ईश्वर ईच्छा तक यह कार्य जारी रखने की बात कही है। श्याम मंदिर प्रांगण से 1 जून से प्रारंभ भोजन वितरण का कार्य अब तक जारी है। 15 जून तक प्रतिदिन करीब एक हजार लोगों को तथा 16जून से 150 लोगों को 30 जून तक निःशुल्क भोजन वितरण का



जरुरतमंदों को खाद्य सामग्री वितरित करते लोग।

कार्य किया गया। अब 1 जुलाई से प्रति व्यक्ति 10 रुपए की दर से यह कार्य किय जा रहा है। इस पुनीत कार्य में प्रतदिन भोजन वितरण के लिए बसंत देवांगन, विष्णुकांत अग्रवाल, विजयकांत देवांगन, श्यामलाल देवांगन, शिव मोदी, कृष्णकुमार देवांगन, मोहनलाल गुलाबानी, नरेन्द्र कसेर, जयप्रकाश जांगड़ा, शंकरलाल देवांगन, अशोक देवांगन, भोला देवांगन, गंगाराम चंदानी, श्रीचंद चंदानी सहित अनेक समाजसेवी अपना सहयोग प्रदान कर रहे है।

सहकारिता सप्ताह के अंतर्गत प्रगतिशील किसानों का सम्मान एवं किया गया पौधरोपण

## आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए लगाएं अधिक से अधिक पौधे : मिरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

सहकारिता सप्ताह के तहत जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की अकलतरा शाखा परिसर में विकासखंड स्तरीय किसान सम्मान समारोह, सहकारिता परिचय कार्यक्रम एवं पौधरोपण अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के 25 उन्नत एवं प्रगतिशील किसानों का सम्मान किया गया। साथ ही किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी देकर किसानों को सहकारिता से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यलता मिरी रहीं। अध्यक्षता जिला पंचायत के सहकारिता विभाग के सभापति महादेव नेताम ने की, - जबकि जनपद पंचायत अध्यक्ष शकुन अघरिया विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद



कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथिगण।

रहीं। अतिथियों ने सम्मानित किसानों को शाल, श्रीफल और पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके कृषि क्षेत्र में योगदान की सराहना की। मुख्य अतिथि सत्यलता मिरी ने कहा कि सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के पांच वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 29 जून से 6 जुलाई तक सहकारिता सप्ताह मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कृषि और पर्यावरण एक-दूसरे के पूरक हैं और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करेंगे। कार्यक्रम को महादेव नेताम, शकुन अघरिया, उपपंजीयक सहकारी संस्थाएं जांजगीर मंजू पांडेय ने भी संबोधित किया। इस दौरान 20 किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड ऋण के चेक वितरित किए गए, वहीं 15 किसानों को एटीएम कार्ड 5 प्रदान किए गए। कार्यक्रम के तहत बैंक परिसर में हरित अभियान के अंतर्गतजनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और किसानों ने पौधारोपण किया तथा पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन सहकारिता विस्तार अधिकारी अमर राठौर ने किया, जबकि आभार सेवा सहकारी समिति अकलतरा के अध्यक्ष नरेश केड़िया ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गोपेश तुलस्यान, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष पवन यादव, भाजपा अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राजेश्वर पाटले, प्रभारी शाखा प्रबंधक देवेंद्र कुमार द्विवेदी, बैंक के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

